## न्यूज डायरी



### मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक का निधन, तीन दशक तक संभाली सत्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काहिरा। मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक का काहिरा के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिजनों ने इस बात की जानकारी दी है। मुबारक 91 वर्ष के थे। सेना की ओर से 2011 में सत्ता से बेदखल किए जाने से पहले होस्नी मुबारक तीन दशकों तक देश के शीर्ष पद पर काबिज रहे। उनको देश में 18 दिनों तक चले विरोध प्रदर्शनों के बाद 11 फरवरी, 2011 को इस्तीफा देना पड़ा था। होस्नी मुबारक के निधन की जानकारी देश के सरकारी टीवी ने दिया है। मुबारक के बारे में बताया गया कि लगभग तीन दशकों तक शासन करने वाले होस्नी मुबारक को आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों की हत्या का दोषी पाया गया था। लेकिन बाद में उनकी सजा को माफ कर दिया गया। इसके बाद मार्च 2017 में उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया था।

### इटली के घोस्ट टाउन में कोरोना वायरस से 7वीं मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनियाभर में जानलेवा कोरोना वायरस अपने पैर पसार रहा है। खबरों के मुताबिक, चीन में कोरोना के संक्रमित मामलों में कुछ कमी आई है। वहीं चीन के बाहर दूसरे देशों जैसे इटली में कोरोना से अब तक सातवें मरीज की मौत हो चुकी है। इटली मे अब तक कोरोना से संक्रमित होने वालों का आंकड़ा 200 पार कर चुका है। चीन, जापान और कोरिया के बाद इटली में अब कोरोना के सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज हैं। इटली में कोरोना से मरने वाले चौथे व्यक्ति की बात करें तो उनकी उम्र 84 वर्ष थी और बीमार पड़ने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। बाद में उनमें कोरोना होने का पता चला। सोमवार की सुबह नॉर्थ इटली में कोरोना से मरने वालों की संख्या बढ़कर 5 होने की खबर आई थी। इस मरीज की उम्र 88 वर्ष थी और उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके लॉम्बर्डी में कैसल हिंगी से लाया गया था। बता दें कि यहां 165 लोग कोरोना से संक्रमित हैं।

### चीन में कोरोना वायरस से 71 और लोगों की मौत, मृतक संख्या 2,663 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में घातक कोरोना वायरस से 71 और लोगों की मौत के बाद इससे मरने वालों की संख्या 2,663 हो गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की रिपोर्ट के अनुसार 508 नए मामले सामने आए हैं। इस बीच, चीन के कई प्रांत ऐसे भी हैं जहां एक भी नया मामला सामने नहीं आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कल सोमवार को कहा था कि चीन में कोरोना वायरस ''चरम'' पर था लेकिन अब इसके नए मामलों में गिरावट आई है। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानोम गेब्रेयेसस ने कहा था कि 23 जनवरी और दो फरवरी के बीच यह चीन में चरम पर था और उसके बाद से हालांकि इसके नए मामलों में लगातार गिरावट आई है। उन्होंने कहा था कि डब्ल्यूएचओ ने अब तक कोरोना वायरस को महामारी नहीं माना है, लेकिन संभावित महामारी से निपटने की तैयारी के लिए हम जो कदम उठा सकते हैं उसके वास्ते देशों को तैयार रहना चाहिए ।

### सरकारी स्कूल की 'हैप्पीनेस क्लास' में शामिल हुईं मेलानिया ट्रंप, पाठ्यक्रम से हुईं प्रेरित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने मंगलवार को दक्षिण दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में 'हैप्पीनेस क्लास' में हिस्सा लिया और कहा कि वह इस पाठ्यक्रम से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि इसने शिक्षकों के लिये ''स्वस्थ एवं सकारात्मक'' उदाहरण निर्धारित किया है। मेलानिया के मोती बाग स्थित सर्वोदय सह-शिक्षा उच्चतम माध्यमिक विद्यालय पहुंचने पर परंपरागत परिधान पहने उत्साहित छात्रों ने उनका स्वागत किया। मेलानिया के स्वागत में स्कूल को फूलों से सजाया गया था। स्कूल में अनेक स्थानों पर फूलों से रंगोली बनाई गई थी। छात्रों के बैंड ने बैगपाइप बजाकर अमेरिका की प्रथम महिला का स्वागत किया।मेलानिया ने स्कूल का दौरा किया और छोटे बच्चों के लिये पढ़ने के कक्ष व गतिविधि कक्ष में भी गईं।

# आतंकवाद को लेकर ट्रंप ने पाक को फटकारा, पाक मीडिया ने यूं किया खेल

**फटकार**

## पाकिस्तान को अपनी जमीन से आतंकवाद को खत्म करना होगा



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। भारत दौरे पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पाकिस्तान को अपनी जमीन से आतंकवाद को खत्म करना होगा। सोमवार को अहमदाबाद में बोलते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की तरह उनका भी देश आतंकवाद का शिकार रहा है और हम कट्टर इस्लामिक आतंकवाद से निपटने के लिए भी साथ हैं। लेकिन पाकिस्तानी मीडिया ट्रंप के भाषण इन बातों का जिक्र न करते हुए पाकिस्तान समर्थक बताकर उसका प्रचार कर रहा है। बकौल पाकिस्तानी मीडिया, ट्रंप ने अपने भाषण में पाकिस्तान की तारीफ की है।

अहमदाबाद में लोगों से खचाखच भरे मोटेरा स्टेडियम में ट्रंप ने कहा था, 'भारत और अमेरिका आतंकवादियों और इनकी विचारधारा के खिलाफ जंग में एकजुट हैं। इसीलिए, मेरे सत्ता संभालने के बाद, मेरा प्रशासन पाकिस्तानी सीमा पर सक्रिय आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई में पाकिस्तान के साथ बहुत सकारात्मक तरीके से काम कर रहा है।'

**ट्रंप के भाषण को हाथोंहाथ लिया गयाः** ट्रंप ने आगे कहा, 'पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। इन प्रयासों का धन्यवाद जिनकी वजह से हम पाकिस्तान के साथ बड़ी प्रगति को होता देख रहे हैं। हम दक्षिण एशिया में तनाव में कमी, अधिक स्थायित्व और इलाके के सभी देशों के बीच सौहार्द को लेकर आशावान हैं।' ट्रंप की इन बातों को पाकिस्तानी मीडिया ने हाथोंहाथ लिया।

**भारत दौरे में पाकिस्तान की तारीफ** 'एक्सप्रेस न्यूज' ने खबर की सुर्खी लगाई, 'ट्रंप ने भारत दौरे में पाकिस्तान की तारीफ की'। 'एक्सप्रेस न्यूज' ने अपनी साइट पर लिखा कि 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत दौरे के अपने पहले ही संबोधन में पाकिस्तान की तारीफ कर दी।' हालांकि, अखबार ने इस बात का भी उल्लेख किया कि ट्रंप ने भारत के सांप्रदायिक सौहार्द को सराहते हुए कहा कि भारत में सभी धर्मों के लोग अपने-अपने धर्मों का पालन करने के लिए स्वतंत्र हैं। पाकिस्तान के अखबार 'डॉन' ने अपनी रिपोर्ट में ट्रंप के भाषण में कही गई बातों का विवरण देते हुए इस बात का उल्लेख किया कि ट्रंप की इस रैली में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में एक लाख लोग शामिल हुए। यह ट्रंप के राजनैतिक जीवन की सबसे बड़ी रैली रही। लोगों ने सफेद टोपियां पहन रखी थीं जिन पर 'नमस्ते ट्रंप' लिखा हुआ था। लोगों ने ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया।

**लिखा- तनाव में कमी को लेकर ट्रंप को आशाः** 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने अपनी रिपोर्ट की हेडलाइन दी, 'पाकिस्तान व भारत के बीच तनाव में कमी को लेकर आशावान ट्रंप'। रिपोर्ट में पहले ही पैरे में कहा गया कि ट्रंप ने एक लाख लोगों की मौजूदगी में कहा कि 'हमारे संबंध पाकिस्तान से बहुत अच्छे हैं।' 'जियो न्यूज' ने हेडलाइन लगाई, 'ट्रंप ने भारतीय रैली में भारी भीड़ से कहा, अमेरिका के पाकिस्तान से बहुत अच्छे संबंध'।

## कतर ने अमेरिका...तालिबान शांति समझौते के लिए पाक को किया आमंत्रित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। कतर ने अमेरिका और अफगान तालिबान के बीच दोहा में शनिवार को महत्वपूर्ण शांति समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद रहने के लिए पाकिस्तान को मंगलवार को आमंत्रित किया। पाकिस्तान के सरकारी 'रेडियो पाकिस्तान' के अनुसार पाकिस्तान में कतर के राजदूत सक्र बिन मुबारक ने कतर के विदेश मंत्री की ओर से पाकिस्तानी विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को मंगलवार को आमंत्रित किया। कुरैशी ने अमेरिका और तालिबान के बीच शांति समझौते का स्वागत किया और कहा कि पाकिस्तान का हमेशा से ही यह विचार रहा है कि अफगान संघर्ष का कोई सैन्य हल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और कतर ने अफगान सुलह प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में एक ''महत्वपूर्ण भूमिका'' निभायी है।

कुरैशी ने साथ ही यह विश्वास भी जताया कि शांति समझौते से अफगान संवाद में सहायता मिलेगी। इस समझौते से अफगानिस्तान में अमेरिका का सबसे लंबा युद्ध समाप्त होगा जिसमें वर्ष 2001 से लेकर अभी तक 2400 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की जान गई है। 9/11 के आतंकवादी हमलों के बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान में प्रवेश किया था।



### मोदी-ट्रंप मीटिंग से यूएस सांसद उत्साहित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के सांसदों के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुलाकात को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हित एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अहम बताया है। सीनेटर टेड क्रूज ने कहा कि भारत मित्र है, सहयोगी है और धरती पर सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उन्होंने ट्वीट किया, ट्रंप और मोदी की मुलाकात अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अहम है। पिछले वर्ष टेक्सास में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए मुझे गर्व की अनुभूति हुई थी और वहां मैंने भारत-अमेरिकी मित्रता के प्रति अपना दृढ़ संकल्प दोहराया था।

# जापानी जहाज से भारतीयों को लाने जाएगा विमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



तोक्यो। जापान तट के पास पृथक खड़े किए गए पोत पर मौजूद जिन भारतीयों की कोरोना वायरस के लिए की गई जांच में नतीजे पॉजिटिव नहीं आए, उन्हें स्वदेश ले जाने के लिए विमान की व्यवस्था की जा रही है। भारतीय दूतावास ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने मंगलवार को ट्वीट किया जिन भारतीयों की सीओवीआईडी-19 के लिए की गई जांच में नतीजे पॉजिटिव नहीं आए, चिकित्सा दल की मंजूरी के बाद उन्हें वापस ले जाने के लिए विमान की व्यवस्था की जा रही है।

इस पोत पर चालक दल के दो और भारतीय सदस्य कोरोना वायरस की जांच में पॉजिटिव पाए गए। इसी के साथ पोत पर सवार संक्रमित भारतीयों की कुल संख्या 14 हो गई है।

तोक्यो के पास योकोहामा तट पर तीन फरवरी को खड़े किए गए पोत डायमंड प्रिंसेज में सवार कुल 3,711 लोगों में 138 भारतीय भी शामिल हैं। इनमें चालक दल के 132 सदस्य और छह यात्री हैं।

भारतीय दूतावास के ट्वीट में कहा गया है इस संबंध में एक ई-मेल परामर्श विस्तृत ब्योरे के साथ उन्हें भेजा गया है। पोत पर चालक दल के दो और भारतीय सदस्य कोरोना वायरस की जांच में पॉजिटिव पाए गए जिसके बाद पोत पर सवार संक्रमित भारतीयों की कुल संख्या 14 हो गई है।

इससे पहले, दूतावास ने सोमवार को ट्वीट किया, 'आज एकत्र किए गए नमूनों के पीसीआर जांच परिणाम आ गए हैं और भारतीय चालक दल के दो और सदस्य संक्रमित पाए गए हैं। अब तक भारतीय चालक दल के कुल 14 सदस्य संक्रमित पाए गए हैं।

## संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के दो राष्ट्र समाधान के समर्थन को दोहराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को इजराइली-फिलिस्तीनी संघर्ष के दो राष्ट्र समाधान के लिए अपने समर्थन को दोहराया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दशकों पुराने संघर्ष को हल करने के लिए तीन सप्ताह पहले एक योजना जारी किए जाने के बाद इस मुद्दे पर प्रेस को दिया सुरक्षा परिषद का यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र के इस बयान को अमेरिका समेत परिषद के सभी 15 सदस्यों ने मंजूरी दी है। हालांकि इसमें ट्रंप की योजना का कोई जिक्र नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के बयान में पिछले प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों का जिक्र करते हुए और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार दो राष्ट्र समाधान के लिए परिषद के समर्थन का उल्लेख किया गया है।

ट्रंप ने जनवरी के आखिर में व्हाइट हाउस में बहुप्रतिक्षित इजराइल-फिलिस्तीन शांति योजना जारी की थी। परिषद के प्रेस बयान में कहा गया है, सभी पक्षों को न्यायपूर्ण, व्यापक और स्थायी शांति के लिए संभावनाओं को बनाए रखने के लिए दो-राष्ट्र समाधान की व्यवहार्यता को कमजोर करने से बचना चाहिए।